# टीकमगढ़



नवभारत
भोपाल, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026

एक नजर में

## समीक्षा बैठक में जनशिक्षक रहे शामिल

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के समस्त बीईओ, बीआरसी, संकुल प्राचार्य, हाई स्कूल प्राचार्य, समस्त जनशिक्षकों ने सह सहभागिता की।**

जानकारी के अनुसार बैठक में मुख्य रूप से कक्षा एक से 12 तक नामांकन, साइकिल एवं पाठ्य पुस्तक वितरण, सीएम हेल्प लाइन, अपार आई डी, ई एटेंडेंस, जल गंगा संवर्धन, वाश ऑन व्हील आदि बिंदुओं पर जिला शिक्षा अधिकारी एच एस चौहान एवं डीपीसी पीआर त्रिपाठी ने विस्तृत निर्देश प्रदान किये।

इस अवसर पर योजना अधिकारी सीएल अहिरवार, एडीपीसी सिद्धार्थ जैन, सहायक संचालक अक्षिता शर्मा, एपीसी शैलेष श्रीवास्तव, स्टेनो जीआर प्रजापति, आईटी सेल प्रभारी अनूप शर्मा उपस्थित रहे। शा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के समस्त बीईओ, बीआरसी, संकुल प्राचार्य, हाई स्कूल प्राचार्य, समस्त जनशिक्षकों ने सह सहभागिता की। समीक्षा बैठक में मौजूद सभी जनशिक्षकों ने अपनी सहभागिता निभाते हुए अपने-अपने विचार रखे।

# आलोचना से बचने की जरूरत है : खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का टीकमगढ़ दौरा

भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल टीकमगढ़ दौरे पर पहुंचे जहां उनका कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। इसके बाद वह भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने अपना उद्बोधन देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी के लिए मजबूती से काम करने की सलाह दी।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें किसी भी मामले में आलोचना से दूर रहने की जरूरत है। मैंने देखा कि लोग हमारे पास आते हैं और सिर्फ आलोचना करते हैं। भाई आप आलोचना से बचिए और सिर्फ पार्टी के लिए कार्य कीजिए यही आपके लिए सबसे अच्छी बात है। आप किसी की आलोचना न करें अगर आपसे कोई आलेचना वाली चर्चा भी करता है तो आप अपनी पार्टी की गाईडलाईन का हवाला देकर बात को समाप्त कर दीजिए।

आगे उन्होंने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी है कोई व्यापार का साधन नहीं। कई लोग इसे व्यापार समझते हैं तो वह गलत है। हमारा यही कहना है कि आप अपना व्यापार अलग करें और पार्टी की सेवा के साथ समाज की सेवा करने का कार्य करें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत ने आगे कहा कि मैंने यह भी देखा कि जब से मैं अध्यक्ष बना हूं तब से कई लोग ऐसे हैं जो मेरे कार्यालय आकर बुराई करते हैं कि इसने और उसने मेरा विरोध किया है अरे साहब अगर आपका 2013 में किसी ने विरोध किया है तो आपने भी तो उसका 2023 में विरोध किया है। क्यों न आपको ही पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाए। इतना ही हेमंत खंडेलवाल आगे टीकमगढ़ के इतिहास को याद करते हुए कहा कि टीकमगढ़ वह धरा है जहां से भारतीय जनता पार्टी फली-फूली है यह सुश्री उमा भारती का कार्यक्षेत्र रहा है। मैं यहां कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं, यह मेरा स्वागत नहीं बल्कि पार्टी का सम्मान है। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल गुरूवार को जिले के प्रवास पर आने के दौरान कहीं। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका जिले का पहला आधिकारिक दौरा था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल गुरूवार को जिले के प्रवास पर रहे। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका जिले का पहला आधिकारिक दौरा था।

### पूर्व मुख्यमंत्री से मिलने भी पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल कार्यकर्ताओं से स्वागत कराते हुए भाजपा कार्यालय पहुंचने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से मिलने पहुंचे। वहां पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने दरवाजे पर हेमंत खंडेलवाल का तिलक किया और फिर उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। इतना ही नहीं इसके बाद उमा भारती हेमंत खंडेलवाल का हाथ पकड़कर उन्हें घर के अंदर ले गई। जहां उन्होंने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री राहुल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमिता सिंह, विधायक हरिशंकर खटीक, जतारा नगर परिषद अध्यक्ष रामजी नायक मौजूद रहे।

### पार्टी को व्यापार न समझें

हेमंत खंडेलवाल ने कहा है कि पार्टी को कोई भी व्यापार न समझे। कई नेता ऐसे हैं जो पार्टी को व्यापारिक दृष्टिकोण से देखते हैं। इसलिए आप सभी कार्यकर्ताओं से मेरा यह निवेदन है कि पार्टी को व्यापारिक साधन न समझे आपका व्यापार अलग है और पार्टी अलग। इस पार्टी में अगर आप है तो पदों के लिए आगे-पीछे न दौड़ें क्योंकि पार्टी आप पर नजर रखती है। आपसे भारतीय जनता पार्टी को जो काम लेना होगा वह ले लेगी, परन्तु आप सिर्फ पार्टी को पूरा समय न देते हुए कुछ समय दें बाकी अन्य समय अपने व्यापार को दें।

## कीटनाशक का सेवन करने से पति-पत्नी की मौत




**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। सुंदरपुर सातखेरा गांव में बुधवार शाम एक पति-पत्नी ने जहर खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 20 दयाचंद लोधी और उनकी पत्नी लक्ष्मी लोधी के रूप में हुई है।**

कोतवाली पुलिस के अनुसार, परिजनों ने उन्हें निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया था। हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ले जाते समय दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने गुरुवार सुबह पंचनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों शवों को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। आज उनका पोस्टमार्टम किया गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि दोनों की शादी एक साल पहले हुई थी। बुधवार शाम को वे खेत पर काम कर रहे थे, तभी उन्होंने कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर उन्हें पहले टीकमगढ़ अस्पताल और फिर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था।

जिला अस्पताल स्थित पुलिस चौकी के प्रभारी जागेश्वर साहू ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अभी तक यह खुलासा नहीं हो पाया है कि पति-पत्नी ने किन कारणों से कीटनाशक का सेवन किया था। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। सुंदरपुर सातखेरा गांव में बुधवार शाम एक पति-पत्नी ने जहर खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

# वृहद पैमाने पर अभियान चलाकर किया जा रहा जागरूक

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। ग्वारहवीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ वाराणसी के मनोज कुमार शर्मा उप-महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में एनडीआरएफ टीमों द्वारा आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण हेतु वृहद पैमाने पर सामुदायिक जागरूकता, स्कूल सुरक्षा एवं क्षमता निर्माण के कार्यक्रमों के अभियान चला रही है।**

इसीक्रम में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ वाराणसी के निरीक्षक निवास मीना एवं उनकी टीम के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 जिला मप्र में स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आपदा प्रबंधन के तकनीकों एवं जीवन रक्षा के उपायों को टीम द्वारा डेमोंसट्रेशन, क्रियान्वित किया गया। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन एवं स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आपदाओं से बचने व उसके नुकसान को कम करने के तरीके बताएं गए।




अग्निशमन यंत्र चलाना, दुर्घटना में घायल व्यक्ति को इंप्रोवाइज मेथड से एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने स्ट्रेचर बनाना, सीपीआर देना, फर्स्ट एड देना, सर्पदंश के समय उपचार देने के तरीके शामिल थे। प्राकृतिक आपदाओं एवं मानवीय आपदाओं से बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल नारायण दास अहिरवार सहित अन्य स्टॉफएवं विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे। एनडीआरएफ के इस स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम की सभी अध्यापकों एवं छात्रों ने सरहना किया।

## जल गंगा संर्वधन को मिल रही गति

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन तथा कार्यपालन यंत्री अनिल लगरखा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया।**

विभाग द्वारा ग्राम तखा में आगंनबाडी केंद्र अ एवं ब का संयुक्त रूप से पेयजल स्त्रोत का एफटीके के माध्यम से परीक्षण किया गया एवं 5 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया एवं ग्राम अनंतपुरा मे हाई स्कूल मे पेयजल स्त्रोत का एफटीके के माध्यम से परीक्षण किया गया।

# कब्रों पर चली जेसीबी मशीन, मामला हुआ दर्ज

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जल जीवन मिशन के तहत मवई गांव में कराए जा रहे कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा जेसीबी मशीन से मुस्लिम समुदाय की कब्रों की खुदाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले को शांत करते हुए कार्य में उपयोग होने वाली जेसीबी मशीन क्रमंक एमपी 36एच0925 को जब्त कर अज्ञात चालक पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके से जेसीबी मशीन बरामद कर दी है।**



जानकारी के अनुसार गुरूवार को मवई गांव में जल जीवन मिशन के तहत मां वैष्णों विल्डर्स के संचालक शशिकांत चतुर्वेदी द्वारा जेसीबी के चालक द्वारा खुदाई कराई जा रही थी इसी दौरान मुस्लिम समाज के कब्रों पर जेसीबी मशीन चलने से मुस्लिम समाज के लोग आक्रोशित दिखाई दिए। जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची जबतक चालक वाहन छोड़कर भाग चुका था। पुलिस ने जेसीबी मशीन को अपने कब्जे में लेकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## दो दिनों तक शहर में लगेगा पुस्तक मेला

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा निजी विद्यालय फ ीस तथा संबंधित विषयों के विनियम अधिनियम एवं सह पठित नियम अंतर्गत जिले में भी पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा हैं।**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के आदेशानुसार निजी विद्यालय फ ीस तथा संबंधित विषयों के विनियम अधिनियम एवं सह पठित नियम अंतर्गत 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक पुष्पा इंग्लिस मीडिया स्कूल कलेक्टर बंगले के सामने से आयोजन किया जा रहा है। मेला रविवार से मंगलवार को प्रात: 11 बजे से रात्रि 7 बजे तक आयोजित किया जायेगा। मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा निजी विद्यालय फ ीस तथा संबंधित विषयों के विनियम अधिनियम के तहत आयोजन होगा।

# पलेरा में नाबालिग बालिका की हत्या का हुआ खुलासा

**नवभारत न्यूज पलेरा। एसपी मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में पलेरा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए नाबालिग बालिका हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। जिसमें मुख्य आरोपी सहित 3 गिरफ्तार किए गए है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि फ रियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 09 वर्षीय नाबालिग पुत्री की अज्ञात आरोपियों द्वारा पत्थर से हमला कर हत्या कर दी गई है जिस पर थाना पलेरा में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की।**



जानकारी के अनुसार उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी छतरपुर रेंज विजय खत्री एवं एसपी मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में 4 पुलिस टीमें गठित की गई एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

गठित पुलिस टीमों द्वारा मुखबिर सूचना पर के आरोपी चेतराम उर्फ चिक्का आदिवासी उम्र 27 वर्ष निवासी बगारभाटा पलेरा, तथा 02 विधि विरुद्ध बालकों उम्र 17 वर्ष एवं 13 वर्ष को ग्राम बगारभाटा से घटना के 24 घंटे के भीतर पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिवत कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी प्रीति भार्गव, एनडी कोंदर, संदीप चौधरी, आकाश रुसिया, चंदन शाक्य, संतोष सिंह, फू लचन्द्र बौद्ध, रमाशंकर कुशवाहा, बालकिशन श्रीवास, मनमोहन रैदास, रामकिशन अनुरागी, ग्यासी यादव, परशुराम रजक सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने इस सफालता के लिए गठित की गई पुलिस टीम को नगद इनाम से पुरुष्कृत करने की घोषणा की है।

# 23लाख 60 हजार से राजेश्वरी मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

कलेक्टर के प्रस्ताव पर की गई राशि स्वीकृत

लोक निर्माण विभाग कराएगा मंदिर की मरम्मत का कार्य

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। हवेली रोड स्थित मां राज राजेश्वरी मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार के धर्मस्य विभाग ने इसके लिए 23 लाख 60 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी को मंदिर की मरम्मत का कार्य सौंपा गया है।**



जानकारी के अनुसार यह राशि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के प्रस्ताव पर स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि का उपयोग मंदिर के क्षेत्राधिकार में राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि पर ही प्रस्तावित निर्माण कार्यों के लिए किया जाएगा। बुधवार शाम 6 बजे कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों के साथ एक बैठक की। इस दौरान मंदिर के विकास को लेकर लोगों से सुझाव मांगे गए। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों के साथ मंदिर का निरीक्षण भी किया ।बैठक में लोगों ने मंदिर की छत से पानी टपकने, चारों ओर नाली न होने से दीवारों के खराब होने और प्रवेश द्वार पर बारिश का पानी भर जाने जैसी कई समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया ।कलेक्टर ने बताया कि यह प्राचीन मंदिर राजशाही दौर में निर्मित हुआ था और देवी मां का यह मंदिर लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र तथा एक सिद्ध क्षेत्र है। उन्होंने लोगों से मिले सुझावों के आधार पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को मंदिर की मरम्मत के निर्देश देने की बात कही।

इस अवसर पर पूर्व बैंक अध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी, महेश यादव, मनोज पाठक सहित स्थानीय श्रद्धालु और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। हवेली रोड स्थित मां राज राजेश्वरी मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार के धर्मस्य विभाग ने इसके लिए 23 लाख 60 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी को मंदिर की मरम्मत का कार्य सौंपा गया है। इस दौरान मंदिर के विकास को लेकर लोगों से सुझाव मांगे गए। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों के साथ मंदिर का निरीक्षण भी किया। बैठक में लोगों ने मंदिर की छत से पानी टपकने, चारों ओर नाली न होने से दीवारों के खराब होने और प्रवेश द्वार पर बारिश का पानी भर जाने जैसी कई समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया।

धांधली

नंदनवारा गांव के ग्रामीणों ने लगाया राशन न देने का आरोप

# राशन वितरण प्रणाली में दुकान संचालक कर रहा लोगों को गुमराह

**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। राशन वितरण प्रणाली को लेकर मध्य प्रदेश सरकार चाहे कितने दावे कर ले, लेकिन हकीकत कोसों दूर है। टीकमगढ़ जिले के नंदनवारा गांव से ऐसा ही मामला सामने आया है जहां पिछले दो माह से फ्री सेल के तहत मिलने वाला गेहूं, नमक और शक्कर लोगों को नहीं मिली है। लोगो का कहना है कि जिले में जिन राशन दुकानों को प्राइवेट लोगों समितियां दी गई है वहीं से लगातार गड़बड़ी सामने आ रही है। मोहनगढ़ तहसील क्षेत्र की नंदनवारा के लोगों ने राशन दुकान संचालक पर लोगो को गुमराह कर राशन चोरी के आरोप लगाए है।**




ग्रामीणों का आरोप है की दुकान संचालक गांव का ही रूपेश नाम के कर्मचारियों से राशन का आवंटन करवाता है जो लोगों से बुरा भला कहके लोगो को बिना राशन दिए भगा देता है। नंदनवारा के रामकुमार आदिवासी का कहना है कि हमारे मोहल्ले में लगभग 100 परिवार रहते है जिनमें से अधिकांश लोगों को दो माह का राशन नहीं मिला है दुकान संचालक के द्वारा हम लोगों से घर पर आकर मशीन में फिंगर लगवा लिए लेकिन हम लोगों को राशन नहीं दिया गया कुछ लोगों को केवल एक माह का राशन दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान संचालक का कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों की पर्ची काटने का काम करता है और जब लोग राशन लेने जाते हैं तो राशन पर्चियों को जमा कर लेता है और अधिकांश लोगों को राशन देने से मना कर देता है कि आपकी पर्ची हमारे पास नहीं है।

ग्रामीणों ने बताया की गांव के जागरूक लोगों को तो एक साथ दो माह का राशन दिया जा रहा है लेकिन गरीबों को केवल एक माह का राशन देकर संतुष्ट किया जा रहा है ग्रामीणों ने किसकी शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों से की है। ग्रामीणों की शिकायत पर दो दिन पहले मोहनगढ़ नायब तहसीलदार सावंत सिंह और खाद्य कनिष्ठतयंत्री जतारा ने राशन दुकान नंदनवारा का निरीक्षण किया था और गरीबों को दो माह का एक साथ राशन दिए जाने को लेकर दुकान संचालक को निर्देशित किया था इसके बावजूद भी दुकान संचालक के दोबारा गरीबों को राशन नहीं दिया जा रहा है यह दुकान संचालक की कर प्रणाली पर बड़ा सवाल है। ग्रामीणों ने दुकान संचालक पर कलेक्टर से कार्यवाही की मांग की है।

### पर्ची के लिए संचालक करता है मना

ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान संचालक का कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों की पर्ची काटने का काम करता है और जब लोग राशन लेने जाते हैं तो राशन पर्चियों को जमा कर लेता है और अधिकांश लोगों को राशन देने से मना कर देता है कि आपकी पर्ची हमारे पास नहीं है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल परीक्षण

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जलगंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने द्वारा ग्राम हजूरीनगर आगंनबाडी केंद्र मे पेयजल स्त्रोत का एफटीके के माध्यम से परीक्षण किया गया।**

इस दौरान 5 महिलाओ को प्रशिक्षण दिया गया एवं हाई स्कूल मे पेयजल स्त्रोत का एफ टीके के माध्यम से परीक्षण किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत यह पहल ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश से की गई।

जलगंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने द्वारा ग्राम हजूरीनगर आगंनबाडी केंद्र मे पेयजल स्त्रोत का एफ्टीके के माध्यम से परीक्षण किया गया।

# मेडिटेशन के माध्यम से रखे सभी ने विचार



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, में हार्टफुलनेस संस्था के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय ध्यान मेडिटेशन कार्यक्रम के द्वितीय सेशन का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य विषय मेडिटेशन के माध्यम से विचारों की स्वच्छता रहा।**

इस अवसर पर हार्टफुलनेस से आए प्रशिक्षक अधिकारियों, कैलाश मिश्रा एवं अरविंद जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि जैसे बाहरी स्वच्छता आवश्यक है, उसी प्रकार मानसिक स्वच्छता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समझाया कि ध्यान के माध्यम से नकारात्मक विचारों को दूर कर मन को शुद्ध, शांत एवं सकारात्मक बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ को मेडिटेशन की विशेष तकनीकों का अभ्यास कराया गया, जिससे वे अपने विचारों को नियंत्रित कर मानसिक स्पष्टता एवं एकाग्रता प्राप्त कर सकें। इस सत्र में संस्था के प्राचार्य आर पी शांडिल्य सहित समस्त फैकल्टी सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।